हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025



04 पीएम आवास ऑनलाइन आवेदन से होगा ...



05 सीएम राइज़ स्कूल में प्रवेशोत्सवः सभी स्कूलों...



## खबर संक्षेप

### अचल संपत्ति मूल्यांकन हेतु गाइडलाइन जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला मूल्यांकन समिति, नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा नियम 4(2)(घ) के अंतर्गत एवं भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 के तहत राज्य शासन द्वारा स्थावर संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु बनाए गए नियम मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के अनुसार केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात, अचल संपत्ति मूल्यांकन हेतु गाइडलाइन वर्ष 2025-26 जारी की गई है, जो 01 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगी।

### दुधारू गायों हेतु पुरस्कार योजना जारी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिये पुरस्कार योजना 02 से 08 अप्रैल के मध्य किया जाना है। जिसमें जिले के समस्त विकासखण्डों में पशुपालकों के उन्नत नस्ल के दुधारू गायों का चयन कर निर्धारित मापदण्ड अनुसार, विकास खण्ड स्तर पर प्रतिदिन, तीन समय का दुग्ध उत्पादन की तुलना कर औसत दुग्ध उत्पादन के आधार पर जिला स्तर पर पुरस्कार हेतु चयन किया जाएगा।

### जलस्त्रोतों के जल को निर्मल और उपयोगी बनाने की कवायद जारी

# यह कैसा जल गंगा संवर्धन? पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजने की है दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 30 मार्च से जल संरक्षण के लिए पारंपरिक जलस्त्रोत कुएं, बाबड़ी, नदी, तालाब, सरोवर एवं पुरानी नहरों आदि की साफ-सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया है ताकि इन जलस्त्रोतों की साफ सफाई एवं मरम्मत तथा स्वस्च्छ कर इन्हें पेयजल एवं जलप्रवाह के योग्य बनाया जा सके। वहीं नर्मदापुरम जिला मुख्यालय में ऐंसे कई पारंपरिक जल स्त्रोत हैं जिनके संवर्धन के लिए किसी भी जिम्मेदार का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। परिणाम स्वरूप या तो यह जलस्त्रोत रख-रखाव के अभाव में पूर्णतः अस्तित्व विहिन हो गये हैं या इनके उपयोग से आमजन परहेज कर रहे है। नागरिकों का कहना है कि शासन द्वारा किया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान आखिर कैसा है क्योंकि पुराने पारंपरिक जलस्त्रोतों को संरक्षण की दरकार है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर ऐंसे जलस्त्रोतों को दुरूस्त कराकर पुर्नजीवित करने की आवश्यकता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पारंपरिक जलस्त्रोतों के सरंक्षण की दरकार है। दरअसल रख-रखाब के अभाव में कई कुएं अस्तित्व खो चुके हैं, वहीं नर्मदा को स्वच्छ बनाने की मांग है।



### प्राचीन जलस्त्रोत खो रहे हैं अपना अस्तित्व

जिला मुख्यालय के अधिकांश क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन से अधिक पारंपरिक जलस्त्रोतों को संवर्धन और संरक्षण की दरकार है। रख-रखाव के अभाव में शहर के ईदगाह क्षेत्र स्थित करीब 4 प्राचीन कुएं स्वच्छता के अभाव में उपयोगी साबित नहीं हो रहे है। वहीं पुराने कब्रिस्तान के पास प्राचीन बावड़ी भी विलुप्त हो चुकी है। इसी तरह रामजी बाबा समाधि स्थल के पास, आदमगढ़, मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित प्राचीन कुंए पूर्णतः बंद कर दिये गये हैं। यदि इन स्त्रोतों की नियमित सफाई होती तो यह भी पेयजल उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं वर्तमान में संचालित कुओं की भी साफ सफाई की आवश्यकता है।

### मां नर्मदा के जल को संरक्षण की दरकार

*पतित पावनी मां नर्मदा के जल में करीब 9 छोटे बड़े नाले एवं नालियों का दूषित पानी लगातार प्रवाहित होने से नर्मदा का जल प्रदूषित हो रहा है। प्रशासन को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इन नाले एवं नालियों को बंद कराने की कवायद करना चाहिए ताकि मां नर्मदा का निर्मल जल आचमन और पीने योग्य हो सके। सरकार को आस्था का केन्द्र मां नर्मदा के जल के संवर्धन करने की मांग श्रृद्धालुओं द्वारा लगातार की जा रही है।*

### पारंपरिक जलस्त्रोतों को पुर्नजीवित किया जा रहा



इस संबंध में संभागायुक्त केजी तिवारी का कहना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में 15 विभागों के कार्य होने हैं। जिलों में स्थित प्राचीन कुएं, बावड़ी तालाब, सरोवर एवं छोटी नदियों में साफ सफाई का कार्य कर उन्हें पुनर्जीवित करना है। पेयजल स्रोत के रूप में विकसित कर जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर उक्त कार्य को अपलोड भी किया जाएगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिलों में वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य किए जाएं। जल संसाधन विभाग जनपद पंचायत , नगर पालिकाओं के साथ अन्य विभाग भी पेयजल स्रोत को डेवलप करने के लिए कार्य करें।

# अनदेखीः प्रतिबंध के बाद भी धरा पर धधक रही नरवाई की आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशासन द्वारा फसल कटाई के बाद खेतों में लगी नरवाई को आग के हवाले करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी और लापरवाही के कारण किसानों द्वारा मूंग लगाने की जल्दबाजी के कारण लगातार नरवाई को जलाया जा रहा ह, प्रशासन के सत्य निर्देश के बाद भी, लगातार इटारसी होशंगाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में नरवाई का जलना बड़ी मात्रा में जारी है, जिम्मेदार अधिकारी देख कर भी अनदेखा कर रहे।

## पहली बार ड्रोन से ली नमाज की तस्वीर



**नर्मदापुरम।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न मस्जिदों में अमन चैन के लिए नमाज अदा कर दुआएं की गई। वहीं प्राचीन ईदगाह मस्जिद में इतिहास में पहली बार ड्रोन से ली गई पहली तस्वीर को सराहा जा रहा है।

# शा. प्राथमिक शाला आई टी आई में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव, बच्चों को किया तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय प्राथमिक शाला आई टी आई नर्मदापुरम मैं प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इसमें नवप्रवेशी बच्चों को माला पहनाई गई स्वनिर्मित ग्रीनकार्ड, टोपी ओर निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की गई इस अवसर पर भोपाल से ओ आई सी मेडम माधुरी मल्होत्रा, जिले के जिला परियोजना अधिकारी राजेश जायसवाल, नवसखचारता अधिकारी सारिका शर्मा,नर्मदापुरम नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, लेखपाल प्रियंक गोयल बी आर सी सपना गोलानी, बी ए सी चंद्रभूषण वशिष्ठ, जनशिक्षक प्रमोद नागर, संतोष तनेजा, कमलेश कटारे, प्रधान पाठिका दीपा तोमर, प्रतिभा पुरोहित, सुनीता सिंह, अनिता तिवारी, सुसंध्या मलहया द्वारा शाला के कार्यक्रम मैं चार चांद लगाये उपस्थित अधिकारियों द्वारा बच्चों को प्रेरक उध्बोधन दिया गया ।

### बैसाखी पर्व 13 को मनाया जाएगा

**नर्मदापुरम।** रविवार को खालसा साजना दिवस मां नर्मदा नदी के पावन तट मंगलवारा घाट स्थित श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में बहुत ही श्रद्धा भावना से मनाया जाएगा , इसके उपलक्ष्य में 11 तारीख शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी आरंभ होगी , गुरबाणी वाचन के साथ नगर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब में गुरबाणी कीर्तन और अरदास के बाद समाप्ति की जाएगी। 10:00 बजे से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ साहिब भाई अजीत सिंह और साथियों द्वारा आरंभ किया जाएगा ,कडाह प्रसाद उपरांत गुरु का लंगर अटूट वरतेगा , अखंड पाठ साहिब लगातार 48 घंटे चलेगा। 13 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा , उपरांत 11:00 से 1:00 भाई गुरशरण सिंह जी जगाधरी वाले गुरबाणी कीर्तन करेंगे। 1:00 बच्चों द्वारा सिक्ख धर्म, बैसाखी पर्व सम्बंधित कविता , पाठ , सुनाई जाएगी , बच्चों को प्रोत्साहित करने पुरस्कृत किया जाएगा।

### तौल कांटे के पूजन के साथ उपार्जन कार्य शुरू

**नर्मदापुरम।** मां रेवा स्व सहायता समूह, पर्रदेह द्वारा जय मां अन्नपूर्णा वेयरहाउस, फेफरताल में तौल कांटे का पूजन कर उपार्जन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक, वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एवं जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में हुआ नागरिकों की समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान 59 आवेदन कर्ताओं की समस्याओं का समाधान किए। इस दौरान उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, प्रधानमंत्री आवास, लाडली लक्ष्मी योजना से संबंधित कई अन्य शिकायती आवेदनों के निराकरण किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल में जिले के पांच खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जहानाबाद बिहार में संपन्न हुई 46वी जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमालय हैंडबॉल अकादमी नर्मदापुरम के 5 खिलाड़ी जीत खरारे, सतीश मशराम, विकास सेन, लवकुश, चिराग ने मध्यप्रदेश से प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि पर समेरिटेन्स स्कूल के संचालक और मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसियेशन के उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष शर्मा, प्राचार्या प्रेरणा रावत, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, सचिन खम्परिया, ऑस्कर एरिन मोजेस, विनोद कुमार साहू, विक्रांत खम्परिया, शिखा खम्परिया सहित सभी हैंडबॉल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उठाए सवाल

# मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु प्राइस स्टेबलाइजेशन फण्ड का क्या प्रभाव हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संसद भवन में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने मंगलवार को प्रश्नकाल में अनुपूरक प्रश्न 318 द्वारा उपभोक्ताओं को नित्य प्रतिदिन उपयोगी सामग्री जैसे प्याज दालों के मूल्यों को स्थिरता प्रदान करने हेतु, जमाखोरी को हतोसत्साहित करने एवं मूल्यों को अत्याधिक उतार चढ़ाव से नियंत्रित करने के लिए उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिए निर्मित प्राइस स्टेबलाइजेशन फण्ड का निर्माण किया गया।

दालों और प्याज या अन्य वस्तुओं को आमजन को सुगमता से उपलब्ध हो सके उस हेतु मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण श्री प्रह्लाद जोशी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु प्राइस स्टेबलाइजेशन फण्ड का क्या प्रभाव हुआ है ओर भारत सरकार किन कार्यो सुनिश्चित कर रही है यह किस प्रकार से उपभोक्ताओं को किफायती एवं स्थिर मूल्य प्रदान करने में सहायक है उक्त प्रश्न का माननीय मंत्री द्वारा सांसद के पटल पर विस्तृत आंकड़ों सहित उत्तर को प्रस्तुत किया गया।

### नर्मदापुरम एवं उज्जैन स के मध्य हुआ पहला मैच

**नर्मदापुरम।** एम पी सी ए ग्राउंड पर मंगलवार को नर्मदापुरम एवं उज्जैन संभाग टीम के बीच पहला मैच खेला गया। नर्मदा रम क्रिकेट संभाग के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पूलसी के मैच की पमेजबानी नर्मदा पुरम डिवीजन को दी गई है । जिसमें तीन संभाग नर्मदापुरम,उज्जैन एवं शहडोल की टीम हिस्सा ले रही हैं । पहला दो दिवसीय मैच उज्जैन एवं नर्मदापुरम के बीच खेला जा रहा है टॉस जीतकर उज्जैन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 82.4 ओवर में 229 रन पर आल आउट हो गई नर्मदापुरम की ओर से मुरली रघुवंशी एवं आरुष उपाध्याय ने 3 - 3 विकेट और आयुष संतोरे ने 2 विकेट जबकि दिव्यांश गालर ने एक विकेट हासिल किया।



## खबर संक्षेप

### महुआ बीनने गई महिला पर जंगली सूअर का हमला

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र में जंगली सूअर ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। घटना मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब सीताडोंगरी गांव में हुई। 55 वर्षीय संतो आहाके अपने खेत में महुआ बीनने गई थीं। वहां उन्हें जंगली सूअरों का एक झुंड दिखाई दिया। इसी दौरान एक सूअर ने पीछे से हमला कर दिया। महिला नीचे गिर गई। सूअर ने अपने नुकीले पंजों से उनके हाथ और सर को बुरी तरह नोच दिया। परिजनों को जानकारी मिलते ही एंबुलेंस को सूचना दी गई। घायल महिला को पहले चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया।

### मुलताई व प्रभातपट्टन में 7 को जांच परामर्श शिविर

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के सहयोग से जिला स्तरीय मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 7 अप्रैल दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से 3 तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन में आयोजित किये जाएंगे।

### 2745 आवासों में से 2665 पूर्ण, पीएम आवास 2.0 में आए 500 से अधिक

# पीएम आवास ऑनलाइन आवेदन से होगा आपका पक्का मकान बनाने का सपना पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पक्का मकान बनाने की सपना देख रहे लोग अब पीएम आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन कर सकते है। इस बार आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन अपनाई गई है। जिसके बाद आवेदन की फाइल भी नगर पालिका में जमा हो रही है। दरअसल वर्ष 2022 के बाद यह योजना बंद हो गई थी, उस समय जो योजना में आवास मंजूर हुए थे उसी पर अब तक काम चल रहा है। अब फिर से योजना मंजूर हुई है। पहले पीएम आवास में हितग्राही नगरपालिका में जाकर ऑफलाइन आवेदन करते थे। सभी दस्तावेज जमा किये जाते थे, लेकिन अब हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। नगरपालिका के एई एवं पीएम आवास प्रभारी नीरज धुर्वे ने बताया कि जिन लोगों ने पहले ऑफलाइन आवेदन किये थे, उन्हें भी नये नियमों के तहत आवेदन ऑनलाइन करना होगा। नियमानुसार दस्तावेज जाम करने के बाद प्रक्रिया अनुसार पीएम आवास की स्वीकृति मिलेगी और आवास बनाने के लिए राशि प्राप्त होगी। वैसे जो लोग दस्तावेज लेकर नगरपालिका पहुंच रहे है, नपा द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन भरने में मदद की जा रही है। हालांकि नई योजना को लेकर आगे के आदेश का नगरपालिका को इंतजार है।

**अब जाति प्रमाण पत्र, पार्षद की सील और रजिस्ट्री लगेगी :** बार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में आवेदन करते समय वार्ड पार्षद की सील और हस्ताक्षर भी कराने होंगे। जिससे यह प्रमाणित हो सके कि आवेदन करने वाला व्यक्ति उसी वार्ड में



कच्चे मकान में रहता है या उसके प्लॉट की रजिस्ट्री उसी स्थान की है। अब रजिस्ट्री, पट्टा आवेदक के नाम का ही होना चाहिए। पहले सहमति पत्र लगाकर भी स्वीकृति मिल जाती थी। लेकिन शासन ने नियमों में बदलाव करते हुए अब ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदक के नाम पर ही दस्तावेज होना जरूरी होगा। इस बार आवेदन के साथ आय प्रमाण-पत्र लगाना होगा, जिससे व्यक्ति की आय की जानकारी मिलेगी। जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य किए हैं। निवास प्रमाण-पत्र से पता लगेगा कि व्यक्ति नगरपालिका क्षेत्र के ही वार्ड का निवासी है।

#### ऑनलाइन आवेदन करना होंगे

*हितग्राहियों को पीएम आवास के लिए ऑनलाईन आवेदन करने होंगे। पीएम आवास 2.0 में कुछ नियम नियम बदले है। अब जाति प्रमाण पत्र भी लग रहा है। अभी तक नये-पुराने मिलाकर करीब 500 आवेदन आ चुके है।*

***नीरज धुर्वे, एई,*** *नगरपालिका बैतूल*

#### नियमों का सख्ती से पालन

*पूर्व में पीएम आवास में काफी गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई थी। ऐसे में इस बार पीएम आवास के नियमों का सख्ती से पालन किया जायेगा। एक ही मकान में दूसरी मंजिल बनाने वालों, एक ही परिवार के कई सदस्यों, आवेदक के निवासी न होने की स्थिति में एवं अन्य नियम विरुद्ध स्थिति में आवेदक की जांच की जाएगी और अपात्र भी घोषित किया जाएगा। पट्टों की भी जांच होगी, जिस स्थान का पट्टा है, वहीं मकान बनाना होगा। नपा एई एवं पीएम आवास प्रभारी नीरज धुर्वे ने बताया कि अभी हितग्राही ऑनलाइन आवेदन कर रहे है। जिन्हें सूचीबद्ध किया जायेगा। पात्रता की जांच की जाएगी। उसके बाद स्वीकृति मिलने पर योजना का लाभ मिलेगा।*

#### 2665 आवास पूरे, 5 सैकड़ा आवेदन

*प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहर में कुल 2745 आवासों को मंजूरी मिली थी, जिसमें से 2665 आवास पूरे हुए है। जबकि 80 आवासों का निर्माण प्रगतिरथ होना बताया जाता है। वहीं पीएम आवास के द्वितीय चरण में 500 से अधिक आवेदन किये जा चुके है, जिसमें पुराने आवेदन भी शामिल है। इन आवेदनों को नगरपालिका द्वारा ऑनलाइन कराने के लिए हितग्राहियों को कहा जा रहा है। आवेदन करने के बाद हितग्राही आवास स्वीकृति को लेकर नगरपालिका पहुंच रहे है।*

### अंबेडकर चौक मामले में केस दर्ज

# भगवा ध्वज का अपमान हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल में रामनवमी की तैयारियों के बीच एक बड़ी घटना सामने आई है, जिसने हिंदू समाज की भावनाओं को आहत कर दिया है। शहर में बीते एक सप्ताह से राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा प्रमुख मार्गों को भगवा ध्वज, बैनर और तोरण से सजाया जा रहा था। हर साल की तरह इस बार भी हिंदू सेना द्वारा रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जानी है, जिसके चलते पूरे शहर को भगवामय बनाया जा रहा था। इसी क्रम में बैतूल नगर के अंबेडकर चौक पर भी भगवा ध्वज लगाए गए थे, लेकिन बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इन झंडों को तोडक़र फेंक दिया। जैसे ही यह खबर फैली, हिंदू समाज में आक्रोश फैल गया। मौके पर राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय समेत संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी पहुंचे। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना के बाद हिंदू सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आक्रोशित हो गए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने इसे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा यह कृत्य हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

#### अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

इस मामले में कोतवाली थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। हिंदू सेना ने साफ कर दिया है कि हिंदू समाज अपने धर्म और आस्था का अपमान सहन नहीं करेगा और जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेगा। घटना के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, प्रांत सह संगठन मंत्री शुभम इगले, तहसील युवा उपाध्यक्ष जयत सचिन विश्वकर्मा, प्रखंड मंत्री अरविंद मासोदकर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन महा अभियान

### वार्ड वासियों ने ली तालाब को साफ रखने की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल की नवांकुर संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन महा अभियान के तहत अभियान की शुरुआत काशी तालाब की सफाई से हुई प्रथम दिवस नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर, 75 कदम से बबलू हेमंत दुबे, एवं सदस्य,नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पवार एवं परिषद् की जिला समन्वय प्रिया चौधरी, हेमंत बबलू दुबे, संजय शुक्ला, हेमा सिंह, शैलेंद्र बिहरिया, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम राठौर, तुलिका पचौरी की उपस्थिति में परिषद की नवांकुर संस्थाओं प्रत्याशा, प्रदीपन, ग्रीन टाइगर्स, गुरुकृपा, भूपेंद्र महिला एवं ग्राम उत्थान एवं बैतूल को पॉलिथीन मुक्त बनाने का अभियान चलाने वाली संस्था 75 कदम एवं सदस्य उपस्थित थे। प्रथम दिवस तालाब के आसपास का कचरा हटाकर पानी के अंदर किनारे पर बह रही पॉलिथीन एवं निर्मालय सामग्री को हटाकर घाट की सफाई की गई। तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर की उपस्थिति में जन अभियान परिषद बैतूल की टीम एवं नपा कर्मियों ने साथ मिलकर दूसरी तरफ के घाट की सफाई की एवं तालाब के किनारे रह रहे लोगों के साथ एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें तालाब को साफ रखना, अपने वार्ड को साफ रखना, तालाब के किनारे पर सफाई के निर्देश का बोर्ड एवं गंदगी करने वालों पर फाइन संबंधी विषय पर चर्चा की और वार्ड की समस्याओं को लेकर वार्डवासियों से विचार विमर्श किया। नपा अध्यक्ष ने वार्ड की समस्याओं बिजली, नाली, पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित नगर पालिका कर्मचारी एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाएं 75 कम 99 दिन, मां शारदा समिति, देवी अहिल्याबाई होलकर समिति, नपा, जन अभियान परिषद, प्रत्याशा संस्था, प्रदीपन, ग्रीन टाइगर्स, गुरुकृपा, भूपेंद्र ग्राम उत्थान समिति एवं समाजसेवियों हिमांशु सोनी, राजू गावंडे, इंदी सरदार, निमिश मालवीय, नीतू, सुशीला बोडखे, जयश्री देशमुख उपस्थित थे।

### आबकारी अमले ने कार्रवाई दी अंजाम, अवैध कारोबार पर रहेगी कड़ी नजर

# मुलताई की तीन शराब दुकानों पर हमेशा के लिए ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत होते ही शासन के निर्देश अनुसार आबकारी विभाग द्वारा पवित्र नगरी मुलताई में संचालित तीन शराब दुकाने हमेशा हमेशा के लिए बन्द किये जाने की कार्यवाही कर दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढार ने बताया कि अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में पवित्र नगरी में शराब की अवैध खरीदी बिक्री न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि कोई अवांछित व्यक्ति अवैध शराब की खरीद फरोख्त करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए। जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढार ने बताया कि शासन स्तर पर पवित्र नगरी मुलताई में तीन शराब दुकानों के संचालन बंद करने के निर्णय पूर्व में लिया गया था। मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 47 दिनांक 14 फरवरी 2025 के परिपालन में मुलताई नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कम्पोजिट शराब दुकान क्रमांक 1,2 एवं नागपुर नाका स्तिथ शराब दुकान क्रमांक 3 बन्द करवा दी गई हैं। अब पवित्र नगरी में शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। आबकारी निरीक्षक सुरेंद्र देवांगन को लिखित निर्देश जारी किए गए हैं कि पवित्र नगरीय क्षेत्र नगर पालिका मुलताई में अवैध मदिरा संग्रहण, धारण, विक्रय पर प्रभावी रूप से नियंत्रण रखे जाए। पवित्र नगरी में अधीनस्थ स्टाफ के साथ सतत गश्त एवं भ्रमण किया जाए। साथ ही अवैध सूचना या शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवश्यक होने पर अधिकारीयों को पुलिस विभाग का भी सहयोग लिए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

#### सूचित किया जाए

मध्य प्रदेश राजपत्र के परिपालन के अनुसार पवित्र नगरी मुलताई में संचालित सभी तीन दुकानें बन्द कराये जाने की कार्यवाही कर दी गई है। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध शराब बिक्री के मामलों में तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाकर मुख्यालय को सूचित किया जाए।

**अंशुमान सिंह चढार,**
जिला आबकारी अधिकारी बैतूल

### कौशल विकास योजनातंर्गत प्रशिक्षण आयोजित



**बैतूल।** मप खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत बैतूल के तत्वाधान में कौशल विकास योजनांतर्गत ट्रेड इलेक्ट्रिशयन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 25 प्रशिक्षणार्थियों को 600 घंटे (75दिवसीय) प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशक्षिण प्रशांति एजुकेशन सेन्टर आठनेर में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष मनोज जगताप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर जनपद पंचायत आठनेर, नगर परिषद सभापति अजय पोटफोडे, प्रभारी प्रबंधक सतीश कुमार सक्सेना मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत बैतूल उपस्थित रहे।

### आगामी कार्यक्रम को लेकर विधानसभा बैठक का हुआ आयोजन



**शाहपुर।** भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमो को लेकर घोडाडोंगरी विधानसभा की बैठक शाहपुर में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके उपस्थित रही। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम पंडित दिनदयाल उपाध्याय, भारत माता व श्याम प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करके शुरू की गई। बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके ने विधानसभा के हर बूथ व शक्ति केंद्र पर एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जनता समाज और संगठन से संवाद करना। जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस 14 अप्रैल को बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को हर बूथ व शक्ति केंद्र और धूमधाम से मनाया है। सभी को अपने अपने बूथ ओर शक्ति केंद्रों पर जाकर कार्यक्रम की तैयारी अभी से शुरू करनी है। बैठक में विधानसभा के संयोजक राजेन्द्र मालवीय सहित सभी मंडलो के अध्यक्ष, सभी मंडलो के प्रभारी जनपद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, मंडलो के महामंत्री सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जलस्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए अभियान 30 जून तक चलेगा अभियान



**सारणी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा विक्रमोत्सव 2025 जल गंगा अभियान के तहत मंगलवार को तीन स्थानों पर प्याउ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। अभियान आगामी 30 जून तक चलेगा। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एव आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा निकाय क्षेत्र के जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु 30 मार्च से 30 जून तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार 1 अप्रैल को वार्ड 11 जय स्तंभ चौक, एसबीआई चौक, वार्ड 10 दमुआ नाका क्षेत्र में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद प्रवीण सोनी, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, उपयंत्री रविंद्र वराठे समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्याउ का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा जनसहयोग से रोजाना जलस्रोतों की सफाई की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से जलस्रोत पुनर्जीविज हो सकेंगे। इससे जलस्तर भी बढ़ेगा उन्होंने ठेकेदार से प्याउ में गुणवत्तायुक्त पेयजल भरने एवं स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शांतिलाल पाल, मनीष धोटे, बबलू नरें, राजकुमार नागले, नंदू जगदेव, ठेकेदार वसीम खान के अलावा समस्त अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक उपस्थित थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि आगामी 30 जून तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत पार्कों का सुधार, सार्वजनिक प्याउ की स्थापना, पाइप लाइनों का रखरखाव, जलस्रोतों की सफाई, कुंओं का रखरखाव समेत अन्य कार्य किए जाएंगे।

# भव्य वैदिक प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम आयोजन नगर शाहपुर में हर्षमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



नगर परिषद के जैन समाज द्वारा 29 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित वैदिक प्रतिष्ठा समारोह में अलग-अलग क्षेत्र से जैन समाज के लोग जैन समाज के वैदिक प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इस प्रतिष्ठा समारोह में मंत्र उच्चारण विधि विधान से वैदिक प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पूजा अर्चना आदि सभी में शाहपुर के जैन समाज के अनुयाई भक्तों ने भाग लिया एवं पूर्ण सहयोग भी प्रदान किया। इस सफलतापूर्वक सफल हुए इस वैदिक प्रतिष्ठा समारोह का सभी जैन धर्म के सहयोगियों के द्वारा दिल से आभार व्यक्त किया गया। भव्य स्तर पर आयोजित जैन समाज के वैदिक प्रतिष्ठा समारोह में मध्य प्रदेश के कोने-कोने से दूर-दूर से शहर, नगर, ग्रामों से आए। भक्तगण जिन्होंने शाहपुर का कभी नाम भी नहीं सुना। वे सभी इस शाहपुर नगर में आए एवं सभी भक्त जैन समाज के वैदिक प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। शाहपुर के भक्तगण के द्वारा जो आवास व्यवस्था भोजन व्यवस्था का आयोजन किया गया था। भव्य वैदिक प्रतिष्ठा तीन दिवसीय समारोह में घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की विधायिका गंगा सज्जन सिंह उईके समारोह स्थल पर पहुंची। उनका भी भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। वैदिक प्रतिष्ठा मेला समारोह में विदिशा से आए मेला अध्यक्ष संदीप जैन ने बहुत ही अच्छी भूमिका अदा की।

### विधायिका ने किया संतों के निवास के लिए भवन का भूमिपूजन



**शाहपुर।** तीन दिवसीय वैदिक प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह के अंतिम दिन विश्राम समय पर जैन समाज के अनुयायियों के द्वारा अति सुंदर निर्णय लिए गए। जिसमें सर्वप्रथम संतो के निवास हेतु संत निवास भवन का निर्णय लेकर भूमि पूजन घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की विधायिका गंगा सज्जन सिंह उईके के कर कमलों से हर्ष के साथ किया गया। इसी समय जैन समाज के भक्तों ने नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर के समक्ष अपनी इच्छा व्यक्त की। और उन्होंने तारण वार्ड एवं तारण मार्ग नामकरण करने के लिए निवेदन किया। जिसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष विक्की रोहित नायक ने उनकी इच्छा शासन के निर्देशों के अनुसार पूर्ण करने की बात कही। नगर में सभी नागरिकों को इस कार्यक्रम को देख भव्य खुशी हुई। संत निवास भूमि पूजन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश और अन्य प्रदेश से पहुंचे गुरुदेव ने भी इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। संत निवास भवन के भूमि पूजन से पूरे नगर में खुशी की लहर छा गई। और नगर वासियों का कहना था कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान नगर में होते रहना चाहिए।

### जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान

# कलेक्टर और जिपं सीईओ ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित



**बैतूल।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल द्वारा जिला पंचायत के सभा कक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कक्षा 2 से 8वीं तक के विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 32 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में विद्यार्थियों को ट्रैकसूट, कैप, स्कूल बैग, वॉटर बॉटल, टिफिन बॉक्स, कंपास बॉक्स, प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किए गए। इस दौरान शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ही उनकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने दोस्तों को भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

### रामायण मंडलों ने एक से बढ़कर एक भजनों की दी प्रस्तुति

**बैतूल।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज आसीरगढ़ परगना, जिला बैतूल के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन पुलिस ग्राउंड आमला में किया गया, जिसमें विभिन्न रामायण मंडलों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस भक्तिमय संध्या का आनंद लेने के लिए उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवान राम के जयघोष से हुई। इसके बाद विभिन्न भजन मंडलियों ने मधुर भजनों से समां बांध दिया। भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजनों को बढ़ावा देने ऐसे कार्यक्रम आगे भी किए जाएंगे।

### स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव, पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

# सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2025 को सी.एम. राइज शासकीय कृषि उ.मा.वि. विद्यालय बैतूल-बाजार में विद्यार्थियों पर पुष्प की वर्षा कर एवं उन्हें तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया।

शुभारंभ अतिथिगण, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का विद्यालय प्रवेश द्वार पर पुष्प वर्षा कर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया । ऑडिटोरियम में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, पीटीएम सदस्य अंजुम शाह, लतिका, पालक सुरेंद्र राठौर, साकरे, शधोटे का पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा भाषण गीत, गीत, कहानी आदि की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथिगणों द्वारा संबोधित कर विद्यार्थियों को उनके सुनहरे भविष्य निर्माण हेतु सुझाव दिए। कार्यक्रम को प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को कहानी के माध्यम से कडी मेहनत कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथिगण, पालकों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को शिक्षक पुरूषोत्तम देशमुख द्वारा प्रतिवेदन से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की पूर्व छात्रा तृप्ती मालवीय द्वारा भी कार्यो को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों, अतिथियों आदि ने सेल्फी पाइंट पर सेल्फी भी ली। यह सेल्फी पाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में स्व. बी.एस. पाटिल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नि गोदावरी पाटिल, पुत्र डॉ. विजय पाटिल, धर्मपत्नि मनीषा पाटिल द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन विद्यार्थियों को षिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु स्टेषनरी एवं स्कूल बैग प्रदान किया गया।

### प्राथमिक शाला जामुनढाना में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेशोत्सव



***भौरा ।*** *शासन के निर्देशानुसार मंगलवार, 1 अप्रैल को प्राथमिक शाला जामुनढाना में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नए प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को खीर-पूरी का भोज कराया गया। शाला प्रभारी कमलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कुल 45 विद्यार्थी दर्ज हैं, जिनमें इस वर्ष दो नए नामांकन हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष प्रवेशोत्सव के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है, जिससे स्कूल में नामांकन बढ़े और अधिक से अधिक बच्चे नियमित रूप से अध्ययन करें। ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित होने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और शिक्षा का महत्व समझाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अरविंद कड़वे, तिवारी, तेकाम, कमला बाई, समिया बाई और शिवा धुर्वे ने सहभागिता की और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।*

# शावकों की मस्ती से 'बफर में यादगार होता पर्यटकों का सफर'

## बफर जोन में बाघों की बढ़ती संख्या से खुश एसटीआर प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



टाइगर स्टेट मप्र का सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बाघों के सुरक्षित प्राकृतिक पर्यावास के रूप में ख्यात हो चुका है। रिजर्व के बफर जोन में बाघ वंश की वृद्धि व बाघ शावक पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। एसटीआर प्रबंधन बाघों के बढ़ते परिवार से बहुत खुश है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्रों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों से बफर जोन में बाघों की अच्छी साइटिंग हो रही है। पांच वर्ष पूर्व तक बफर जोन तेंदुआ व भालू वन्यजीवों की उपस्थिति के लिए जाना जाता था। लेकिन अब प्रतिवर्ष बाघों की खासी उपस्थिति अलग-अलग क्षेत्रों में दर्ज हो रही है। यहां तक कि बफर जोन में बाघ परिवार बढ़ रहा है तथा बाघ शावक देखे जा रहे हैं। स्पष्ट है कि बाघिनें बफर जोन को शावकों के जन्म व वृद्धि के लिए सुरक्षित क्षेत्र मानकर यहां कोर एरिया से आती हैं। और अब कोर एरिया की तरह रिजर्व का बफर जोन भी बाघों का सुरक्षित प्राकृतिक पर्यावास बनता जा रहा है।

### विस्थापन से खुली राह

रिजर्व प्रबंधन व कर्मचारियों के प्रयासों से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का बफर जोन बाघों के अनुकूल बना है। लगभग आधे दशक तक प्रबंधन ने कठिन श्रम से जोन में बाघ, तेंदुआ जैसे वन्यजीवों के लिए सुरक्षित जल स्रोत बनाए हैं। बाघों के रास्तों को मानव के लिए प्रतिबंधित कर ग्राम भी विस्थापित भी किए गए। ताकि बाघ बफर जोन की अपनी नव निर्मित टैरिटरी में बफर जोन आएं-जाएं तो उनका मनुष्य से सामना ना हो। परिणामतः कोर एरिया के साथ साथ बफर जोन में भी बाघों की साइटिंग हो रही है।

### प्रबंधन की नजर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि बफर जोन में बाघ शावकों की अपनी मां के साथ सतत गतिविधि देखी जा रही है। विभाग अमला और वे स्वयं सतत निगरानी पर हैं। उन्होंने बताया कि बफर जोन में बाघ वंशवृद्धि बाघों के संरक्षण की दिशा में सफल कदम है। बड़े होते शावक अपना इलाका या टैरिटरी बनाने अपने मूल स्थान से पलायन भी करते हैं। अतः रिजर्व प्रबंधन शावकों पर लगातार नजर रखे हुए है।

## विप्र समाज की महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

**माखननगर।** शिव और पार्वती के प्रतीक गणगौर का उत्सव होलिका दहन के दूसरे दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलता है जो विसर्जन के साथ समाप्त होता है इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य एवं कुंवारी लडकियां सुयोग्य वर् के लिए व्रत रखती हैं सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं युवतियों ने श्रृंगार कर पीले एवं लाल वस्त्र पहनकर नृत्य करते हुए गीत गाते हुए गणगौर की शोभा यात्रा निकाली जिसका समापन बालाजी मंदिर की बावड़ी पर किया गया। गणगौर का त्यौहार वैवाहिक सुख एवं समृद्धता एवं परंपरा का प्रतीक माना गया है शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

# आंगनबाड़ी में लगे रहते हैं ताले, नहीं हो रही मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विकासखंड में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित लगभग एक सैकड़ा आंगनवाड़ी केंद्रों में मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन के द्वारा आधी आधी राशि जमा करके आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहाय का उप आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती की गई है। लेकिन देखने एवं सुनने में आता है कि अक्सर दूर के ग्रामों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लगे रहते हैं ग्राम वासियों के द्वारा बताया गया कि सुपरवाइजर कभी आती है कभी नहीं आती है इसी तरह से परियोजना अधिकारी भी कई माह नहीं आते हैं जिसके कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर एवं सहायका अपनी इच्छा के मालिक हैं जब इच्छा होती है तब आंगनबाड़ी भवन खुल जाते हैं और नहीं तो ताले लगाए जाते हैं। कई बार ऐसे मामले अधिकारी के समीप आ चुके हैं लेकिन अधिकारी के द्वारा ऐसे मामलों की अक्सर अनदेखी की की जाती है ऐसा प्रतीत होता है। ग्राम पंचायत उटिया किशोर में शनिवार को आंगनबाड़ी भवन में ताला लगा हुआ था। बच्चे बाहर खेल रहे थे लेकिन वहां पर सभी भवनों में ताले लगे हुए थे इस बात को लेकर परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी को अवगत कराया गया तो उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण में उपस्थित हैं उनके द्वारा शासन के निर्देश अनुसार शासन की योजनाओं के संचालन करने के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। ऐसा पाया गया कि कई प्रशिक्षण के दौरान कई आंगनबाड़ी केंद्रो पर ताले लगे हुए थे अधिकारी ने बताया की सहायता कहां पर है उसकी जानकारी लेकर सुपरवाइजर से बताते हैं लेकिन अधिकारी के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारी के द्वारा भी लापरवाही की जा रही है या फिर ऐसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को संरक्षण प्राप्त है कई जगह देखा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किराए के भवन में किराए से लेकर आंगनबाड़ी भवन चल रही हैं जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती स्थानीय निवासी को की गई थी लेकिन ग्राम पंचायत मोहरी कला के ग्राम धार गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहले पिपरिया से अप डाउन करती थी अब पत्नी मोहारी में किराए के मकान में रहकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की ड्यूटी निभा रही है। अधिकारी से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता के द्वारा किराए से भवन लेकर रहने की उनके द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई है और ना ही उनके द्वारा यह भारती की गई है मामला जांच में चल रहा है इस तरह से पूर्व में सुपरवाइजर महिला के पास परियोजना अधिकारी का प्रभार था उसे दौरान भी कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती हुई है जिसमें दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मामला उच्च न्यायालय जबलपुर में बिचारा धीन चल रहा है। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है वह शीघ्र मामले की जांच कर कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

### स्कूल चलो अभियान के तहत मनाया गया उत्सव

# सीएम राइज़ स्कूल में प्रवेशोत्सवः सभी स्कूलों में तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नया शिक्षा सत्र मंगलवार एक अप्रैल से प्रारंभ हुआ तथा सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाए गए। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित सीएम राइज़ स्कूल में भी मंगलवार को प्रवेश उत्सव जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मनाया गया।

विद्यालय प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने बताया कि नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा सोहागपुर मंडलध्यक्ष अश्वनी सरोज, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पाषर्दों रविशंकर उईके, आशीष विश्वकर्मा व राकेश चौरसिया की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों का जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि विद्यार्थियों को गणवेश व पुस्तकें भी वितरित की गई। पिछले शिक्षा सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति वाले तथा ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी स्वागत व सम्मान जनप्रतिनिधियों के हाथों कराया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य रामकिशोर दुबे, प्रेम अमृता दुबे, तुलाराम रघुवंशी, अनुपमा चौरसिया, हेमलता दुबे, सुभाषिनी शुक्ला, जहूर खान, रामकुमार पाठक, रीता रघुवंशी, संजना मिश्रा, अनीता साहू आदि उपस्थित थे। प्राचार्य दुबे ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र में कक्षा एक से 12 तक 927 विद्यार्थी दर्ज थे।उन्होंने बताया कि प्रवेश 31 जुलाई 2025 तक होंगे। फिलहाल एक से चार अप्रैल तक विशेष प्रवेशोत्सव मनाए जाने की जानकारी प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने दी है।

### ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव

**सोहागपुर।** मंगलवार एक अप्रैल को मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नए शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी क्रम में सोहागपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में भी सरकारी स्कूलों में उत्सव मनाते हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। ग्राम बारंगी के सरकारी विद्यालय में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। राघवेंद्र रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि नियमित रूप से विद्यालय आएं। ताकि शैक्षणिक रूप से उन्नति कर बच्चे अपने परिवार व ग्राम के विकास में सहभागी बन सकें ।

### समीपस्थ ग्राम आंचलखेड़ा के ग्रामों में स्कूलों में हुए आयोजन






### स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव

**आंचलखेड़ा।** मंगलवार को माखननगर विकासखंड के शासकीय स्कूलों में स्कूल चले हम अभियान के चलते बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा एवं स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा इसी के चलते विकासखंड के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंचलखेड़ा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया जहां सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती बंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वहीं बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरित की गई इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव, अनोखी लाल चौबे, सरपंच आशा बाई घुरेले , सतीश चौधरी, शिवरतन सराठे, ओम प्रकाश यादव ,दिनेश चौधरी सोनू मालवीय पूर्व पंचायत प्रतिनिधि सहित प्रभारी प्राचार्य एसएमटी जय श्री राय, प्रभारी प्रधान पाठक संजय गुप्ता , समदर्शी सोनी, दिव्यांशु अग्रवाल, मारिया गौरती, संजीव दुबे, पीयूष यादव, नवीन यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### यहां भी हुआ आयोजन

विकासखंड के ग्राम पंचायत गनेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी स्कूल चले हम अभियान के चलते प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार झा सरपंच ग्राम पंचायत गनेरा एवं लालचंद यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत माखननगर,विद्यालय प्राभारी प्राचार्य हीरामणि वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

### सिवनी मालवा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**सिवनी मालवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बघवाड़ा में स्कूल चलें हम अभियान₹ के तहत ₹विकास खण्ड स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम - 2025-26 का शुभारंभ सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा की उपस्थिती में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहित करना और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी खुशी को दोगुना किया गया, साथ ही पेन व पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई, जिससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिला। इस प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि शिक्षा को हर छात्र तक पहुँचाने के लिए वे सतत प्रयासरत रहेंगे। ₹स्कूल चलें हम अभियान₹ के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे, जिससे शिक्षा का प्रकाश हर घर तक पहुंचे।

## सभी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव, किया गया किताबों का वितरण



**पिपरिया।** विकासखंड में सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि 165 सालों में नए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्होंने बताया की उपस्थिति पर बच्चों को मिलेगा पुरस्कार। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया रोड के प्राचार्य अरविंद रघुवंशी के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल चैन सिंह पटेल अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद सभी पार्षद तमाम जनप्रतिनिधियों शिक्षक शिक्षिकाओं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों का स्कूल प्रवेश उत्सव कराया गया। लगाकर माला पहनकर स्वागत किया गया तथा शासन के नियम अनुसार जनप्रतिनिधियों के द्वारा निशुल्क पुस्तक वितरित की गई विधायक ने लगभग 150 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के स्वरूप में पारितोषिक वितरण किया नगर पालिका अध्यक्ष ने घोषणा की अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले टॉप 5 विद्यार्थियों को नगर पालिका परिषद पुरस्कृत करेगी। कार्यक्रम के दौरान वी आर सी बताया कि विद्यार्थियों की निगरानी के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं उपस्थिति की प्रगति रिपोर्ट तैयार करेंगे उनके अभिभावक से निरंतर संपर्क में रहेंगे। इसी तरह से सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के द्वारा भी स्कूल में पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया जिसमें इन सभी अतिथियों की उपस्थिति के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा उपस्थित रहे सभी के द्वारा बच्चों को सरकारी पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। दिनांक 2 अप्रैल 2025 को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की डियूटी स्कूल में लगाई गई है। मैं देश के भविष्य से बच्चों से रूबरू चर्चा की जावेगी तथा उन्हें स्कूल के लिए प्रोत्साहित किया जावेगा जिसमें सांस की कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अनुविभागी अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी सहित अलग-अलग अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# मंडी प्रांगण में सचिव द्वारा चलाया गया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर की कृषि उपज मंडी समिति की सचिव हेमवती कवरेती की स्वयं उपस्थिति में समस्त कर्मचारियों के साथ ऑफिस परिसर एवं गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया पूछने पर उन्होंने बताया कि समय-समय पर कृषि उपज मंडी में कार्यरत समस्त कर्मचारी मिलकर मंडी प्रांगण एवं गार्डन की साफ सफाई करते रहते हैं तथा परिसर में फूलों के पौधे लगातेहैं एवं वृक्षारोपण भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल 2025 दिन बुधवार से ई मंडी प्रारंभहोगी जिसमें किसान के प्रवेश से लेकर बिल जनरेशन का कार्य भी कंप्यूटरीकृत होगा।

### एक परिवार के दो सदस्यों को हुआ बैंक में चयन



**सेमरी हरचंद।** नगर के किराना व्यवसाई एवं पूर्व पत्रकार प्रमोद गुप्ता के पुत्र आदित्य गुप्ता एवं पुत्री मुस्कान गुप्ता का आईबीपीएस की चयन परीक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय कृत बैंक (बैंक ऑफ़ इंडिया)में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद चयन हुआ है। ज्ञात हो कि मुस्कान गुप्ता वर्तमान में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में कार्यरत हैं दोनों भाई बहनों की इस उपलब्धि पर परिजनों ग्राम वासियों एवं मित्रों ने बधाई दी है।

### मनीष ठाकुर का सपोर्ट पर्सन के रूप में चयन



**इटारसी।** सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर का पॉक्सो एक्ट के मामलों में बाल कल्याण समिति में सपोर्ट पर्सन के रूप में चयन हुआ है। महिला एवं बाल विकास एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सहायक व्यक्ति के चयन हेतु जारी गाईड लाईन के अनुसार चयन समिति द्वारा यह जिम्मेदारी मिली है ।

### ग्रामों में आमंत्रण की बैठकों का आयोजन

# श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



छह अप्रैल को रामनवमीं पर श्रीराम जन्मोत्सव क्षेत्र में परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। जिसमें हजारों रामभक्त नर्मदापुरम-जिले की चर्चित शोभायात्रा में सोहागपुर में सम्मिलित होंगे। जिसकी तैयारी क्षेत्र में प्रारंभ हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में श्रीराम जन्मोत्सव हर्ष, उल्लास व जन सहयोग से मनाया जाता है। जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से हजारों रामभक्त अपनी अपनी छोटी शोभायात्राएं लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते हैं। इन सभी छोटी यात्राओं का संगम स्थल शहर का बिहारी चौक है। जहां से प्रतिवर्ष रामनवमीं की शाम वृहद शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकाली जाती है। इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी समिति कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर प्रारंभ कर चुके हैं। शहरी क्षेत्र में समिति कार्यकर्ता दिन-रात शोभायात्रा के मार्ग की सजावट कर रहे हैं तथा वरिष्ठों को शोभायात्रा का आमंत्रण दे रहे हैं। समिति के अन्य कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में बैठकों का दौर जारी रखे हुए हैं। ताकि ग्रामों से अधिक से अधिक रामभक्त शोभायात्रा में सम्मिलित हों। ग्रामीण क्षेत्र में बैठकों का दौर चारों दिशाओं में किया जा रहा है। ताकि रामभक्तों की शोभायात्राएं आयोजन के केंद्र सोहागपुर शहर पहुंचें। आयोजन समिति ने रामभक्तों से परिचितों व परिजनों सहित शोभायात्रा में सम्मिलित होने की बात कही है।

# सत चंडी होमातमक यज्ञ व देवी पुराण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सहलवाड़ा में खेड़ापति मंदिर का नया निर्माण किया गया है जिसमें संत चंडी होमातमक यज्ञ एवं देवी पुराण कथा का आयोजन किया गया है जो की ग्राम पंचायत सहलवाड़ा के चंद्रभान भार्गव ने बताया कि गांव में मन खेड़ा पति माता माई के मंदिर का जीवन उधर किया गया है उसी के उपलक्ष में भगवती की सत चंडी यज्ञ का आयोजन किया गया है तथा देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया है जो की 30 मार्च से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक लगातार चलेगा 30 मार्च को देव स्थापना कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कथावाचक दंडी स्वामी के द्वारा देवी पुराण का श्रवण कराया जा रहा है तथा दोपहर 3:00 बजे से कथा श्रवण कराई जाती है 5 अप्रैल को पुणे होती एवं भंडारे का आयोजन किया जावेगा जिसमें 13 विद्वानों के द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।

### सुनाई भगवान राम के जन्म की कथा

**सोहागपुर।** शहर के रामगंज वार्ड में 200 वर्ष पुराने श्रीराम जानकी मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। जहां रामनवमी पर भगवान श्रीराम परिवार सहित विराजेंगे। इस अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन भी वार्ड में जारी है। कथा में प्रतिदिन निर्धारित समय पर राम कथा का वाचन कथा वाचक पं. सचिन व्यास के द्वारा किया जा रहा है। कथा आयोजन दौरान मंगलवार को भगवान श्री राम के जन्म की कथाएं पं. व्यास ने सुनाईं। उन्होंने भगवान श्री राम की सुलभ बाल लीलाओं को संगीतमय भजनों के साथ जब प्रस्तुत किया तो भक्तजन भाव विभोर होकर भजनों पर नृत्य करते नजर आए। श्रीराम जानकी मंदिर धाम समिति रामगंज अध्यक्ष जगदीश भावसार ने बताया कि राम कथा के साथ-साथ प्रतिदिन मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे।

# वर्धमान जूनियर स्कूल में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान जूनियर में यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत जैन, जूनियर डायरेक्टर प्रशस्ति जैन, जूनियर प्रभारी पूजा पटेल, वाइस प्रिंसिपल आनंद जोशी एवं उदय पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। छात्राओं ने सुंदर गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुति दी। इसके पश्चात चेयरमैन प्रशांत जैन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्धमान पब्लिक स्कूल इस वर्ष से विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को सिलेबस में जोड़ने जा रहा है। हैदराबाद से आए रोबोटिक्स विशेषज्ञ आनंद जोशी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स की शिक्षा प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पहले कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से

**हरदा।** शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत सभी शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम का गायन किया।

### एक आरोपी को जिला बदर करने के आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एक आरोपी अनिल पिता मोहनलाल जाट निवासी ग्राम अजनास रैयत थाना हंडिया को 6 माह के लिये जिलाबदर करने के आदेश जारी किये है। जिला बदर की अवधि में यह आरोपी हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### दिन-रात के तापमान में 21 डिग्री का अंतर

**सीहोर।** शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। सीहोर जिले में आज दोपहर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है , जबकि शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

### पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

# निशुल्क पुस्तक देकर वार्षिक परीक्षा में प्रावीण्य सूची स्कूल में टॉपर छात्राओं को तिलक लगा किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-2026 हेतु प्रवेश उत्सव कार्यक्रम लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर जिला हरदा के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान 1 अप्रैल से स्कूल में मनाए जाने वाली गतिविधियों के अनुसार एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला हरदा के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2025 पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं छात्राओं की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया।

संकुल प्रभारी प्राचार्य रचना राय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तक प्रदान कर वार्षिक परीक्षा में प्रवीण सूची स्कूल में टॉपर छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया । पुरस्कार वितरण कर शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम भविष्य से भेंट कार्यक्रम कीशुरुआत सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया के प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें कक्षा 6वी से 12वीं तक दर्ज छात्राएं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला में उपस्थित हुई सुनील कुमार सोंधिया ने बताया कि पूर्व कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों को अस्थाई रूप से अगली कक्षा में प्रवेशित मानते हुए कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा दर्ज समस्त छात्राओं को नव प्रवेशित छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय समय से आना है और समय से विद्यालय से घर जाना है और नियमित पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ते रहना है यह समझाइए उपस्थित सभी छात्राओं को दी गई । नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 1 अप्रैल से प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है नवीन शैक्षणिक सत्र हेतु पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद कंगाली उपस्थित होकर बच्चों को आगे बढ़ाने के छोटे-छोटे ट्रिप्स बताएं और उन्होंने सभी उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया कि दुनिया का सबसे आसान काम है पढ़ना इससे आसान काम कोई नहीं हमेशा पढ़ते रहना है आगे बढ़ते रहना है प्रवेश उत्सव में उपस्थित छात्राओं को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तक भेंट कर लगातार पढ़ते रहने और आगे बढ़ते रहने के छोटे-छोटे टिप्स बच्चों को दिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी उपस्थित होकर बच्चों को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तक वितरण कर विद्यालय प्रतिदिन आने के विद्यालय में सीखने के और सीखने से जो पाया है उसको अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़ाने के छोटे-छोटे मंत्र बताएं उमेश कुमार नामदेव के द्वारा मंच का संचालन किया गया ।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर प्रवेश उत्सव पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्कूल चले हम अभियान का प्रसारण दिखाया गया उपस्थित सभी छात्राओं ने टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा कक्षा 9वी में रिया दिनेश मोनिका जगदीश ईशान युसूफ ए ग्रेड प्राप्त छात्राओं एवं कक्षा ग्यारहवीं में पूर्णिमा नर्मदा स्नेहा किशोर गायत्री मोहनलाल ए ग्रेड प्राप्त छात्राएं एवं आठवीं में रवीना लखनलाल मोहनी मुकेश गरिमा संतोष ईशा राहुल सभी ए ग्रेड छात्राओं को पुरस्कृत किया गया विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र प्रवेश उत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाया गया शाला में छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर फूल माला से किया गया इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अतिथि उपस्थित हुए उनमें प्रमुख रूप से एसपी कंगाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी खिरकिया पीएन तिवारी सेवा निवृत शिक्षक, सेवा निवृत्ति शिक्षक सोना शर्मा विधायक प्रतिनिधि पुष्पा अनिल जैन वार्ड पार्षद गया प्रसाद विश्वकर्मा सेवा निवृत्ति शिक्षक विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रचना राय, सुनील कुमार सोंधिया बीएसी जयनारायण कलम श्रीमती दीपिका राठौर मौजूद थे।

### शासकीय हाई स्कूल पोखरनी उबारी में मनाया प्रवेशोत्सव




*खिरकिया।* *शासकीय हाई स्कूल पोखरनी उबारी में प्रवेश उत्सव का आयोजन जनपद सदस्य क्षमा परसराम मंडराई के मुख्य आतिथ्य एंव उप सरपंच बालकृष्ण बैरागी की अध्यक्षता में किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एंव पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमी की वार्षिक परीक्षा में कक्षा में प्रथम मयंक भागवत महाजन, द्वितीय मोहनी नंदकिशोर श्रीवास एंव तृतीय प्रिया अशोक कुशवाह को क्रमशः रुपए 501 ,301, एवं 201 रुपये की नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य प्रदीप रिछारिया ने प्रवेश उत्सव पर विभिन्न दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।इस अवसर पर शिक्षक गण चंदन सिंह सोनेर, डाली मालवीय, सुभाष उमरिया ,सूरज राय पालकगण श्रीमती रजनी महाजन,अशोक कुशवाह,नंदकिशोर श्रीवास, अरविंद श्रीवास, जगदीश सेजकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह सोनेर एंव आभार डॉली मालवीय ने व्यक्त किया।*

### जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य जारी, जल स्रोतों गहरे कर रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जल गंगा संवर्धन अभियानह प्रारंभ किया है। यह अभियान आगामी 30 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत जल स्त्रोतों के गहरीकरण एवं जीर्णाद्धार जैसे कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुकड़ापानी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यो में श्रमदान किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संग्रहण की शपथ दिलाई गई तथा तालाब से गाद निकालने का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत पाटिया कुआं में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों व पंचायत पदाधिकारियों ने सार्वजनिक कूप से गाद निकालने और जल स्त्रोतों के आसपास की साफ सफाई का कार्य भी किया गया।

### जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, कलेक्टर ने कहा निराकरण करें

# वृद्ध ने वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा तथा एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में ग्राम डोलरिया निवासी छात्रा रानी पचौले ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर विद्यार्थी आवास सहायता योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय हरदा को निर्देश दिये कि छात्रा को आवास सहायता योजना का लाभ दिलाया जाये। जनसुनवाई में ग्राम आलमपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री सिंह को शासकीय गोहे से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर उन्होने संबंधित तहसीलदार को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। हरदा के वार्ड क्रमांक 21 खेड़ीपुरा निवासी सकुन बाई ने कलेक्टर को आवेदन देकर नलों में गंदा पानी आने की शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम पिपल्या निवासी तेजराम राठौर ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी भूमि का सीमांकन कराने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार सिराली को सीमांकन कराने के निर्देश दिये। ग्राम कांकड़दा निवासी गेनसिंह ने कलेक्टर को आवेदन देकर वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### अधिकारियों धरना समाप्त करवाया

# किसानों की समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक, आश्वासन पर माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कांग्रेस का आरोप है कि सरकार द्वारा किसानों की मूंग फसल की सिंचाई हेतु पानी छोड़ा गया, परंतु उचित व्यवस्था न होने के कारण किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। किसानों को विद्युत विभाग द्वारा बिजली भी उचित प्रकार से उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। किसानो की उक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने किसान और कांग्रेसजनों के साथ मिलकर ग्राम अबगांवकला की झाड़पा माइनर पर नहर के पानी में धरने पर बैठे।

विधायक डॉ. दोगने के धरने पर बैठने की खबर मिलते ही हंडिया तहसीलदार सहित जल संसाधन विभाग व बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे ओर हरदा विधायक से धरना समाप्त करने का निवेदन किया। परन्तु विधायक डॉ. दोगने किसानो की समस्या के निराकरण की मांग पर अडिग रहे और मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जब तक प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता वह धरने पर से नहीं उठेगे। इसके पश्चात हरदा कलेक्टर द्वारा हरदा विधायक डॉ. दोगने से दुरभाष पर चर्चा कर आश्वासन दिया कि प्रशासन द्वारा किसानो की समस्याओं का शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा। प्रत्येक किसान को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी व बिजली मिले ऐसी व्यवस्था की जावेगी। हरदा कलेक्टर द्वारा दिए गए आश्वासन के उपरांत हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा धरना समाप्त किया गया। इस दौरान हरदा विधायक के साथ दीपक सारण, राजेश पटेल गोयत, राहुल पटेल, सुरेश बेड़ा, राहुल सारण, कैलाश पटेल, अंकित मतवा, जयप्रकाश वल्लभ, धीरेंद्र जाट, धरर्मा पटेल, ओम गोदारा, रेवा शंकर खोखर, मनोज बेड़ा, लक्ष्मीनारायण जाट, ऋषभ खोकर, उमाशंकर सहित अन्य किसान व कांग्रेस जन उपस्थित थे।

#### सिंचाई के लिए मिल रहा भरपूर पानी

सिंचाई विभाग का दावा है कि विगत वर्ष 2024 में मूंग सिंचाई के लिये जिले में हरदा संभाग में 19135 हेक्टेयर तथा टिमरनी संभाग में 19325 हेक्टेयर का लक्ष्य ऐलान में लिया गया था, जिसे शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया। मूंग सिंचाई वर्ष 2025 के लिये पुनः हरदा संभाग से 19135 हेक्टेयर तथा टिमरनी से 19325 हेक्टेयर सहित जिले के लिये कुल 38460 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य ऐलान में लिया गया। इस वर्ष मूंग सिंचाई के लिए तवा बांध से 27 मार्च को पानी छोड़ा गया था जो 29 मार्च को सुबह हरदा संभाग के चैन क्रमांक 3008 पर प्राप्त हो गया था। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डी.के. सिंह ने बताया कि मंगलवार 1 अप्रैल को हरदा जिले को एलबीसी, एचबीसी सहित 2053 क्यूसेक की मांग के विरुद्ध कुल 2149 क्यूसेक पानी प्राप्त हो रहा है।

### हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अवसर पर

# सकल हिंदू समाज की भगवा वाहन यात्रा का भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा की



**खंडवा।** हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा शहर में भव्य भगवा वाहन यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर घंटाघर हनुमान मंदिर के सामने भारतीय जनता पार्टी नगर खंडवा द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। भगवा वाहन यात्रा सोमवार शाम को जय जय सियाराम, भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। वाहन यात्रा में साधु-संतों सहित भारत माता और महारानी लक्ष्मीबाई के रूप में सजी बालिकाओं का भी सम्मान किया गया। भाजपा नगर खंडवा द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश डोंगरे, सुभाष कोठारी, हरीश कोटवाले, महामंत्री राजेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, प्रवक्ता सुनील जैन, दिनेश पालीवाल, धर्मेंद्र बजाज, सुधांशु जैन, प्रदीप यादव, आशीष चटकेले, दीना पंवार, नानूराम मांडले, चंद्रेश पचोरी, गोपाल सोनी, लोकेंद्र सिंह गोड, अभिलाष दीवान, अनिल भगत, संजय राणा, प्रशांत मिश्रा, भावेश बिल्लौरै, अनीश अझरि, निलेश निदाने, धनवीर राजपाल उपस्थित रहे। भगवा वाहन यात्रा ने शहर में समरसता और एकता का संदेश दिया।

### नगर निगम ने किया सम्मान

# मूक जीवों के सेवक सुनील टोलीवाल को किया गया सम्मानित



**खंडवा।** पर्यावरण संरक्षण जिला समिति खंडवा द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, कल्याण गंज में हरित सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मूक-निरीह पशु-पक्षियों को प्रतिदिन भोजन और पानी उपलब्ध कराने जैसे सराहनीय कार्य के लिए सुनील टोलीवाल को नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्य उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, जिसे समाज के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन बीडी सनखेरे और रिंकू राठौड़ ने किया, जबकि आभार विमल चंद अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ने किया उद्घाटन

# जिला स्तरीय पुस्तक मेला, जरूरतमंद बच्चों के लिए मुफ्त में मिल रहीं किताबें



**खंडवा।** सूरजकुंड स्थित कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में आज से जिला स्तरीय पुस्तक मेला शुरू हो गया है, जो 5 अप्रैल तक चलेगा। उक्त पुस्तक मेला का उद्घाटन खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा कर आरंभ किया गया उनके साथ जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी गौडा, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी सोलंकी आदि अधिकारी नजर आए । गौरतलब है कि इस मेले में निजी स्कूलों के बच्चों और उनके अभिभावकों को किताबों, कॉपी, स्टेशनरी, और स्कूल ड्रेस पर 10% से अधिक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, एक काउंटर गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए भी स्थापित किया गया है, जहां उन्हें मुफ्त में किताबें दी जाएंगी। समाजसेवी या अभिभावक अपने बच्चों की पुरानी किताबें दान कर सकते हैं, ताकि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा में मदद मिल सके। मेले में 15 स्टाल लगाए गए हैं, जिनमें किताबें, स्टेशनरी, और स्कूल ड्रेस उपलब्ध होंगी। हालांकि, प्रशासन की पूरी कोशिश है कि इंदौर ओर बाहरी विक्रेता मेले में भाग लेने आए । शिक्षा विभाग के अनुसार, मेले में किताबों, स्टेशनरी, और स्कूल ड्रेस पर 10% से अधिक का कमीशन दिया जाएगा।

# अब अनमोल एप व आरसीएच पोर्टल से होगा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन

## अनमोल एप्लीकेशन और आरसीएच पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण दिया




**हरदा।** जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सा अधिकारियो के लिए नवीन अनमोल एप्लीकेशन और आर.सी.एच. पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित इस प्रशिक्षण मे विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, लेखापाल, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को ट्रेनिंग दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिह ने बताया कि गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा टीकाकरण के लिये उपयोग में लाये जा रहे अनमोल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के नये वर्जन में पंजीयन के लिये समग्र आई.डी., आधार कार्ड तथा बैंक खाते की ईकेवायसी अनिवार्य रूप से होना चाहिये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि जननी सुरक्षा व प्रसूति सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को भुगतान के लिये समग्र से आधार लिंक करवाना तथा आधार कार्ड से बैंक खाता लिंक करवाना होगा, तभी इस प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्राप्त हो सकेगा। गर्भवती महिला के पंजीयन के समय पति-पत्नी के समग्र आईडी एक ही परिवार सूची में अपडेट करवाना होगा। उन्होने सभी सी.एच.ओ., सुपरवाईजर्स, ए.एन.एम. एवं आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र के नव-दंपतियों एवं योग्य लक्ष्य दंपतियों को आधार कार्ड, समग्र आई.डी. तथा बैंक अकाउंट अपडेट करवाने के लिये प्रेरित करें, ताकि पंजीयन के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

### यह सेवा कार्य लगातार जारी

# समिति अनाथ शवों का कर रही है अंतिम संस्कार



**खंडवा।** शहर में पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति मानवता की मिसाल पेश कर रही है। यह संस्था उन अनाथ और बेसहारा शवों का अंतिम संस्कार कर रही है, जिनके अपने इस दुनिया में नहीं होते। खासतौर पर, रेल दुर्घटना में मारे गए या लावारिस हालत में मिले शवों का पूरे रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया जाता है। संस्था की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों के अनुसार अंतिम संस्कार करती है। हिंदू शवों का दाह संस्कार किया जाता है, जबकि मुस्लिम शवों को कब्रिस्तान में दफनाया जाता है। संस्था का उद्देश्य यही है कि हर आत्मा को सम्मान और शांति मिले, चाहे उसका कोई अपना हो या नहीं।

#### सच्ची मानवता की सेवा

संस्था से जुड़े समाजसेवी सुनील जैन का कहना है कि मृत्यु जीवन का अटल सत्य है और हर किसी को सम्मानपूर्वक विदाई मिलनी चाहिए। संस्था अब तक कई लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है और यह सेवा कार्य लगातार जारी है। संस्था की यह पहल मानवता की मिसाल बनी है।